Title: Need to take steps for repair and maintenance of National Highways particularly National Highway No.7 in Madhya Pradesh.

श्री रामानन्द सिंह (सतना) : महोद्य, मध्य प्रदे्श में रा्ट्रीय राजमार्गों समेत राज्य की प्राय : सभी सड़कों की हालत अत्यन्त जर्जर व खस्ताहाल है। केन्द्र द्वारा रा्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत तथा रख-रखाव की राशि का सदुपयोग न होने से राज्य से गुजरने वाले प्राय: सभी रा्ट्रीय राजमार्ग चिन्ताजनक स्थिति पर पहुंच चुके हैं। मध्य प्रदे्श दे्श के बीचोंबीच होने से प्रदे्श से गुजर कर दूसरे राज्यों में आने-जाने वाले वाहनों को आवागमन में रुकावट तथा बाधा पड़ती है। रा्ट्रीय राजमार्ग नं. 7 की हालत ठीक नहीं है। वर्ा पश्चात् मरम्मत भी नहीं कराई गई है। प्रदे्श में सड़क यातायात एक कठिन समस्या बनती जा रही है।

अत: केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मध्य प्रदे्श में सड़कों के रख-रखाव और मरम्मत के लिए आव्श्यक कदम उठाएं।